Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding conversion of of important roads into National Highway in Pali Parliamentary Constituency.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): अध्यक्ष जी, देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में गतिशक्ति प्रोजेक्ट के तहत देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं सड़कों का जाल बिछ रहा है । मेरे संसदीय क्षेत्र पाली में भी सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गड़करी जी ने पूर्व में अनेक सौगातें देकर संसदीय क्षेत्र के लोगों को अनुग्रहित किया है । मैं आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र पाली से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण सड़कों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जो वर्ष 2016 एवं 2017 में प्रिंसिपली स्वीकृत की जा चुकी हैं और उनकी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल भी सबमिट किया जा चुका है । ये सड़क मार्ग सोयला से बालेसर वाया तिंवरी एवं ओसिया सड़क 126 किलोमीटर, खारिया एनएच-25 रणसी-बोरुन्दा-गोटन होते हुए एनएच 58 तक 105 किलोमीटर, देसुरी एनएच-162 से सादड़ी-लुनावा-बेरा-कागडरा होते हुए पिंडवारा तक 90 किलोमीटर, रोहट एनएच-62 से आहोर एनएच 325 तक 82 किलोमीटर, मारवाड़ जंक्शन से कामलीघाट तक 50 किलोमीटर, सोजत से सिरयारी होते हुए देसुरी तक 93 किलोमीटर, सांडेराव से बाली होते हुए सादड़ी तक 43 किलोमीटर, जोधपुर बाईपास 61.4 किलोमीटर है ।

माननीय अध्यक्ष : चर्चा के समय आप इस विषय पर डिटेल में अपनी बात कह लीजिएगा । अभी आप अपनी मांग उठाएं ।

श्री पी. पी. चौधरी : अध्यक्ष जी, सिर्फ दो लाइन और कहना चाहूंगा । मेरे संसदीय क्षेत्र की ये सभी उल्लेखित सड़कें प्रमुख व्यापार और पर्यटन केंद्रों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़कें हैं । इन सड़कों को आर्थिक दृष्टिकोण, आवागमन एवं आमजन की जरूरतों को पूरा करने के लिए तत्काल सुधार की आवश्यकता है । इसके लिए इन सभी सड़क मार्गों को नेशनल हाइवे के रूप में विकसित करने का आग्रह करता हूं ।

महोदय, मेरा सदन के माध्यम से माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन है कि पूर्व की भांति आप इन मांगों पर भी सहृदयतापूर्वक कार्यवाही करते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को ये सौगातें देने की कृपा करेंगे ।